पत्रांकः नेयुकेसं / स्वच्छता ही सेवा / 2024 / 45

दिनांक 27 सितम्बर, 2024

सेवा में,

**समस्त राज्य निदेशक**
नेहरू युवा केन्द्र संगठन

**विषयः "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण योगदान देने वाले युवा प्रतिभागियों की पहचान / चयन के संबंध में।**

महोदया / महोदय,

कार्यालय के पत्र दिनांक 16 सितंबर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा दिनांक 17 सितंबर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक MY Bharat के तत्वावधान में "स्वच्छता ही सेवा" अभियान चलाने हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारियों को पत्र भेजा गया था।

2. इस संबंध में, यह अवगत कराया जाता है कि कुल 500 युवा प्रतिभागियों की पहचान / चयन किया जाना है, जो "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के तहत सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और जिन्होंने अभियान की सफलता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

3. राज्यवार आवंटन के अनुसार प्रत्येक राज्य निदेशक को "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण योगदान देने वाले युवा प्रतिभागियों के चयन / पहचान हेतु निर्धारित संख्या में युवाओं का चयन करना है, जो **अनुलग्नक–1** में संलग्न है।

4. युवा प्रतिभागियों के चयन के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखा जाना अनिवार्य है :–

i. **आयु पात्रताः** युवाओं की आयु 30 सितम्बर, 2024 तक **कम से कम 18 वर्ष** पूरी होनी चाहिए और **29 वर्ष से अधिक नहीं** होनी चाहिए।

ii. युवा को **MY Bharat पोर्टल** पर पंजीकृत होना चाहिए।

iii. चयनित युवाओं को 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 की अवधि के दौरान "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के मेगा कार्यक्रम के तहत माई भारत पोर्टल पर भारत कार्यक्रमों के लिए स्वयंसेवक के रूप में भाग लिया हो और इन कार्यक्रमों की सफलता हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।

iv. चयनित युवा में अच्छा संप्रषण कौशल होना चाहिए।

क्रमशः पृष्ठ–2

रवि..

v. महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

vi. चयनित युवाओं के खिलाफ किसी भी अदालत में कोई मामला लंबित नहीं होना चाहिए और चयनित युवाओं का कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं होना चाहिए।

5. उपरोक्त के मद्देनजर, आपसे अनुरोध है कि नामित युवाओं की सत्यापित सूची निर्धारित प्रारूप **(अनुलग्नक–बी)** अनुसार उनके विवरण के साथ कार्यक्रम अनुभाग को ईमेल coreprogrammenyks@gmail.com पर कल अर्थात् **दिनांक 28 सितम्बर, 2024** को **दोपहर 02:00 बजे तक** भेजना सुनिश्चित करें।

6. अन्य विवरण बाद में प्रेषित किए जाएंगे।

7. इसे **अत्यंत महत्वपूर्ण** समझा जाए।

शुभकामनाओं सहित,

**आर. एन. त्यागी**
**संयुक्त निदेशक (कार्यक्रम)**

**संलग्नः** उपरोक्त

**प्रतिलिपिः**

- निजी सचिव, महानिदेशक, ने.यु.के.सं., नई दिल्ली
- समस्त क्षेत्रीय निदेशकों को सूचनार्थ एवं अनुवर्ती कार्रवाई हेतु